21/10/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत वैश्विक भविष्य को आकार देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि देश सभी क्षेत्रों में एक अभूतपूर्व स्तर पर आगे बढ रहा है। एक निजी मीडिया आउटलेट द्वारा आयोजित विश्व शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के रूप में एआई को मान्यता देता है, जबकि भारत एक दूसरा एआई-आकांक्षी भारत है। उन्होंने कहा कि जब विश्व अनिश्चितता में उलझा हुआ था, तब भारत आशा के एक प्रकाशस्तंभ के रूप में उभरकर सामने आया। कोविड-19, वैश्विक अर्थव्यवस्था, मुद्रास्फीति, बेरोजगारी, जलवायु परिवर्तन और युद्ध जैसे मुद्दों का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि वैश्विक स्थितियां भी भारत को प्रभावित करती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के तीसरे कार्यकाल के सिर्फ एक सौ पच्चीस दिनों में 9 लाख करोड़ रुपये की लागत की ढांचागत परियोजनाओं की मंजूरी दी गई है और पंद्रह नई वंदे भारत रेलगाडियों की शुरूआत की गई है।

उन्होंने कहा कि आठ हवाई अड्डों के निर्माण कार्य की शुरूआत हुई है, पांच लाख घरों की छतों पर सौर संयंत्र स्थापित किये गये हैं और नब्बे करोड़ से अधिक पौधा रोपण किये गये हैं। श्री मोदी ने कहा कि इन एक सौ पच्चीस दिनों के दौरान देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढकर सात सौ बिलियन डॉलर से अधिक हो चुका है।

0000000000000000000000

भारत और चीन पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त को लेकर समझौते पर पहुंच गए हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने नई दिल्ली में मीडिया को बताया कि इस समझौते से नियंत्रण रेखा से सैनिकों की वापसी हो सकती है और 2020 में शुरू हुए तनाव का समाधान हो सकता है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच विस्तृत चर्चा के परिणामस्वरूप सीमा क्षेत्रों पर गश्त व्यवस्था पर यह सहमति बनी।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से छह हजार सात सौ करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन किया। इन पहलों में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) के तहत विकसित मध्य प्रदेश के रीवा, छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर और उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में तीन हवाई अड्डों का उद्‌घाटन शामिल है। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा, कौशल विकास, खेल, स्वास्थ्य सेवा और पर्यटन सहित अन्य क्षेत्रों से संबंधित विकास परियोजनाएं आज वाराणसी को प्रस्तुत की गई हैं, जिससे न केवल लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करेंगे। श्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देश में ढांचागत विकास के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया है।

0000000000000000000000

भारतीय सेना की राजपूताना राइफल्स की 13वीं बटालियन ने भाजपा नेता ताई तागाक के साथ के ई पान्योर जिले के नीलम गांव के वरिष्ठ नागरिकों ने मिलकर रविवार को शहीद, आनसांग हिरो नीलम तेबी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने देश के लिए 20 अक्टूबर, उन्नीस सौ बासठ को भारत-चीन युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति दे दी। राज्य सरकार ने स्मारक के निर्माण के लिए पहले चरण में 5 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं, जो लगभग पैतालीस हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में बनेगा। 13वीं राजपूताना राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल संगम सिंह के कुशल नेतृत्व में भारतीय सेना ने इस कार्यक्रम को भव्यता और श्रद्धा के साथ आयोजित किया।

0000000000000000000000

पुलिस स्मृति दिवस पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के पुलिसकर्मियों की बहादुरी और बलिदान को सम्मानित किया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से उन्होंने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनके अटूट समर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वे साहस और दृढ़ संकल्प की मिसाल हैं। श्री मोदी ने मानवीय चुनौतियों के दौरान पुलिसकर्मियों के सक्रिय प्रयासों और सहायता की भी सराहना की।

000000000000000000

अनिनी, दिबांग विंटर फेस्ट के लिए तैयार हो रही है, जो वैली में प्रकृति की उदारता का जश्न मनाने वाला त्योहार है। महोत्सव का तीसरा संस्करण छब्बीस से सत्ताईस अक्टूबर तक कारू रिज़ॉर्ट, अनिनी में होने वाला है।

स्थानीय लड़कों द्वारा संकल्पित और आयोजित यह उत्सव, स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय व्यंजनों, हथकरघा और हस्तशिल्प के माध्यम से इदु मिश्मी संस्कृति को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से दो हजार बाईस में शुरू हुआ। दो दिवसीय उत्सव में जीवन और रुचि के क्षेत्रों के लोगों के लिए कई गतिविधियाँ होंगी। साहसिक प्रेमियों के लिए ट्रैकिंग, साइक्लिंग, राफ्टिंग, गांव की सैर, स्थानीय व्यंजनों, कागज बनाने जैसी पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ कला प्रथाओं पर एक कार्यशाला, प्रसिद्ध हाउस ऑफ मैकनोक द्वारा आभूषण बनाना और अपशिष्ट प्रबंधन पर एक सत्र होगा एआई ग्रीन फाउंडेशन द्वारा।

0000000000000000000000000

भारतीय सेना ने अरुणाचल प्रदेश सरकार और नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (NEEPCO) के सहयोग से नामसाई से नामती तक एक साइकिल अभियान का आयोजन किया, जो बासठवें वालोंग डे के एक महीने तक चलने वाले स्मरणोत्सव का एक हिस्सा है। उप मुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज नामसाई में साइक्लिंग अभियान को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री पासांग दोरजी सोना, महिला बाल विकास मंत्री दासांग्लु पुल, भारतीय सेना के वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति, भारत तिब्बत सीमा पुलिस, अरुणाचल सरकार, पुलिस अधिकारी, नेपको, एनसीसी कैडेट, नामसाई और तेजू के स्थानीय युवा उपस्थित थे। वालोंग डे की बासठवीं वर्षगांठ पर कुल बासठ साइकिल चालक लोहित वैली के सुरम्य परिदृश्य के माध्यम से साइकिल चलाएंगे।

0000000000000000000000000

तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में मेक्सिको के ट्लाक्सकाला में भारत की दीपिका कुमारी ने महिलाओं के रिकर्व वर्ग में रजत पदक जीता है। उन्हें फाइनल में चीन की ली जियामन से हार का सामना करना पड़ा। दीपिका ने सेमीफाइनल में मेजबान मेक्सिको की अलहन्द्रा वेलेंसिया को 6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दीपिका कुमारी पांचवीं बार तीरंदाजी विश्व कप में उपविजेता रहीं।

0000000000000000000000